नन्ही परी सीमांत इंजीनियरिंग कॉलेज में अभ्योदय का आगाज

टेक्निकल यूनिवर्सिटी देहरादून के कुलपति को एनसीसी कैडेट्स ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

संवाद न्यूज एजेंसी

पिथौरागढ़। नन्ही परी सीमांत इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट पिथौरागढ़ में तीन दिनी वार्षिक खेलकूद, तकनीकी, सांस्कृतिक महोत्सव अभ्योदय का शुभारंभ वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड टेक्नीकल यूनिवर्सिटी देहरादून के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने किया।

इस दौरान उन्होंने जीआईसी में संचालित एसआईटी और मड़धूरा इंजीनियरिंग कॉलेज का निरीक्षण किया। सोमवार को वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड टेक्नीकल यूनिवर्सिटी देहरादून के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह के इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचने पर कैंपस निदेशक प्रो. अजीत सिंह ने कुलपति का शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। एनसीसी कैडेट ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदन और कुलगीत गाया।

इंजीनियरिंग कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। संवाद

इसके बाद रंगारंग कार्यक्रम छलिया नृत्य, भांगड़ा, लावण्या, गरबा आदि किए गए। इस दौरान संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। संचालन प्रो. तरु महरा, प्रो हेमंत कुमार जोशी, प्रो. हेमंत कुमार, डॉ. पुनीत चंद्र वर्मा ने किया।